Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 4 | मुहावरे

## QUIZ-01

1. 'नाक काटना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

A. नाक काट देना  B. अपमान करना
C. बहस करना  D. गुस्सा आना  (B)

*व्याख्या :* 'नाक काटना' का अर्थ है अपमान करना या बदनामी करना।

2. 'नाक में दम करना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

A. नाक में दर्द होना  B. तंग करना
C. ज़ोर से बोलना  D. लड़ाई करना  (B)

*व्याख्या :* जब कोई बहुत तंग करता है तो कहते हैं – "उसने नाक में दम कर रखा है।"

3. 'आँखें दिखाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

A. आंख खोलना  B. घूरना
C. गुस्से से देखना  D. आंखें बंद करना  (C)

*व्याख्या :* 'आँखें दिखाना' का अर्थ होता है गुस्से में देखना या धमकाना।

4. 'मुँह की खाना' का क्या अर्थ है?

A. खाना खाना  B. हार जाना
C. बोलना  D. चुप रहना  (B)

*व्याख्या :* 'मुँह की खाना' का मतलब है हार या अपमानित होना।

5. 'कलेजा मुँह को आना' मुहावरे का अर्थ है—

A. डर जाना  B. खुश होना
C. भूख लगना  D. हँसी आना  (A)

*व्याख्या :* जब कोई बहुत डर जाता है तो कहते हैं – "कलेजा मुँह को आ गया।"

6. 'हाथ खड़े करना' का सही अर्थ क्या है?

A. हार मान लेना  B. इशारा करना
C. हाथ जोड़ना  D. हाथ फैलाना  (A)

*व्याख्या :* 'हाथ खड़े करना' का मतलब होता है किसी कार्य से इनकार कर देना या हार मान लेना।

7. 'पानी-पानी होना' का अर्थ है—

A. भीग जाना  B. प्यास लगना
C. शर्मिंदा होना  D. रोना  (C)

*व्याख्या :* जब कोई बहुत शर्मिंदा हो जाता है, तो कहते हैं – "वह पानी-पानी हो गया।"

8. 'हाथ पीले करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

A. हाथ धोना  B. हल्दी लगाना
C. शादी करना  D. रंगना  (C)

*व्याख्या :* 'हाथ पीले करना' का अर्थ होता है बेटी की शादी करना।

9. 'दाँतों तले उँगली दबाना' का क्या मतलब है?

A. सोच में पड़ना  B. डर जाना
C. हैरान रह जाना  D. चोट लगना  (C)

*व्याख्या :* बहुत आश्चर्य या हैरानी में लोग कहते हैं – "दाँतों तले उँगली दबा ली।"

10. 'थाली का बैगन' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

A. सब्जी का नाम  B. झुकने वाला
C. ढुलमुल स्वभाव का व्यक्ति  D. गोल मटोल  (C)

*व्याख्या :* 'थाली का बैगन' ऐसा व्यक्ति होता है जो हमेशा पलटी मारता है, स्थिर नहीं होता।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App